Roll No. ....

DD–2321

M. A. (Previous) EXAMINATION, 2020

HINDI

Paper First

(हिन्दी साहित्य का इतिहास)

Time : Three Hours

Maximum Marks : 100

नोट : सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. हिन्दी साहित्य के काल-विभाजन पर विभिन्न विद्वानों के मतों का उल्लेख करते हुए अपने विचार व्यक्त कीजिए। 15

अथवा

रासो काव्य-परम्परा पर प्रकाश डालते हुए 'पृथ्वीराज रासो' का स्थान निर्धारित कीजिए।

2. 'भक्तिकाल हिन्दी साहित्य का स्वर्णयुग है।' इस कथन की सतर्क विवेचना कीजिए। 15

अथवा

कृष्ण काव्यधारा की प्रमुख विशेषताएँ स्पष्ट कीजिए।

3. रीतिकाल के नामकरण के औचित्य पर विचार करते हुए रीतिकालीन कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों की विवेचना कीजिए। 15

अथवा

भारतेन्दु युग के प्रमुख साहित्यकार एवं उनकी साहित्यिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. प्रगतिवादी काव्य के वैशिष्ट्य का उल्लेख करते हुए प्रमुख प्रगतिवादी कवियों का परिचय दीजिए। 15

अथवा

हिन्दी उपन्यास की विकास-यात्रा की विवेचना कीजिए।

5. निम्नलिखित में से किन्हीं पाँच पर टिप्पणियाँ लिखिए : प्रत्येक 4

(i) वीरगाथा काल का नामकरण

(ii) रामकाव्य परम्परा या ज्ञानाश्रयी शाखा

(iii) रीतिमुक्त काव्यधारा

(iv) अमीर खुसरो

(v) विद्यापति

(vi) छायावाद

(vii) जैन साहित्य

(viii) हिन्दी नाटक अथवा समकालीन कविता

6. निम्नांकित में से किन्हीं बीस प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दीजिए : प्रत्येक 1

(i) अभिनव जयदेव किस कवि को कहा जाता है ?

(ii) 'बीसलदेव रासो' के रचनाकार कौन हैं ?

(iii) 'बीजक' किसकी रचना है ?

(iv) सरहपा किस सम्प्रदाय के कवि थे ?

(v) रीतिसिद्ध कवि के रूप में किस कवि को प्रसिद्धि मिली ?

(vi) 'पदमावत' की भाषा क्या है ?

(vii) 'कठिन काव्य का प्रेत' किस कवि को कहा जाता है ?

(viii) 'सुजान-सार' किस कवि की रचना है ?

(ix) 'परीक्षागुरु' के रचनाकार कौन हैं ?

(x) भारतेन्दु मण्डल के एक रचनाकार का नाम लिखिए।

(xi) आधुनिक युग की मीरा किसे कहा जाता है ?

(xii) 'तारसप्तक' का प्रकाशन कब आरम्भ हुआ ?

(xiii) 'अनामिका' किनकी रचना है ?

(xiv) हिन्दी के एक प्रमुख व्यंग्यकार का नाम लिखिए।

(xv) हालावाद का जनक किसे कहा जाता है ?

(xvi) प्रसिद्ध सिद्धों की संख्या कितनी है ?

(xvii) 'मानस का हंस' किसकी रचना है ?

(xviii) प्रयोगवाद के प्रवर्तक कौन हैं ?

(xix) राष्ट्रकवि के रूप में सम्मानित एक कवि का नाम लिखिए।

(xx) भारतीय आत्मा के रूप में कौन कवि प्रसिद्ध रहे ?

(xxi) प्रकृति के सुकुमार कवि के रूप में प्रसिद्ध कवि कौन हैं ?

(xxii) एक आंचलिक उपन्यास का नाम लिखिए।

(xxiii) हिन्दी के एक प्रसिद्ध आलोचक का नाम लिखिए।

(xxiv) 'आँसू' खण्डकाव्य के कवि कौन हैं ?

(xxv) मिश्र बन्धु के इतिहास का नाम लिखिए।

(xxvi) 'ब्रह्मराक्षस' अथवा 'एक साहित्यिक की डायरी' के रचनाकार कौन हैं ?